1780 [*Transferred to 14th December 1992*]

हरियाणा के विभिन्न जिलों के विकास की परियोजनाओं की समीक्षा :

1781. श्री महेन्द्र सिंह लाठर : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा हरियाणा के विभिन्न जिलों में संचालित अनेक परियोजनाओं/कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देती रही है और यदि हां तो पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार ने इन कार्यक्रमों की समीक्षा की है; यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि अभी तक इन योजनाओं/कार्यक्रमों की छमाही वार्षिक समीक्षा न होने के कारण इन परियोजनाओं के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफलता मिली है; और

(घ) यदि हां तो सरकार ने इस संबंध में अभी तक प्राप्त शिकायतों पर कोई उचित कार्यवाही की है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई एच० पटेल) : (क) हरियाणा में विभिन्न जिलों में कार्यान्वित किए जा रहे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की पर्याप्त निगरानी की जा रही है । प्रमुख कार्यक्रमों अर्थात समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, मरू भूमि विकास कार्यक्रम और त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के संबंध में गत तीन वर्षों के दौरान किए गए खर्च के ब्यौरे नीचे दर्शाए गए हैं :—

(लाख रुपए खर्च में)

वर्ष	समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम	जवाहर रोजगार योजना	सुखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम	मरु भूमि विकास कार्यक्रम	त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम
1989-90	1163.71	1970.95	153.79	445.57	579.90
1990-91	1002.65	2085.43	152.37	470.40	726.50
1991-92	756 84	2572.60	141.36	438.09	824.00

(ख) से (घ) उपरोक्त कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा की गई है और इन कार्यक्रमों के कार्यान्वियन की गहन और निरन्तर निगरानी फील्ड दौरे करके तथा आवधिक रिपोर्टें मंगाकर की जाती हैं । इसके अतिरिक्त इन कार्यक्रमों में और सुधार लाने के लिए जवाहर रोजगार योजना और समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के समवर्ती मूल्यांकन भी किए गए हैं ।

People Benefited under the J.R.Y.

1782. SHRI KAMAL MORARKA : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Jawahar Rojgar Yojana has been benefitting the rural people on the expected lines;

(b) if so, the progress made under the Yojana alongwith the funds granted and